तापमान

अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 13 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार 17 मार्च 2026



10 सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कलाकारों ने बांधा समां





10 इंडस स्कूल में एनिमल थीम पार्टी का आयोजन





## खबर संक्षेप

### कलावती में 24 को होगा प्रशासन का रात्रि ठहराव

**जींद।** नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा 24 मार्च को पिल्लूखेड़ा खंड के गांव कलावती के राजकीय प्राइमरी स्कूल में सायं सात बजे से रात्रि ठहराव कार्यक्रम होगा। इस रात्रि ठहराव की अध्यक्षता डीसी मोहम्मद इमरान रजा करेंगे और आमजन की समस्याओं को मौके पर ही समाधान करेंगे। अधिकारी रात्रि ठहराव कार्यक्रम में पहुंचना सुनिश्चित करेंगे ताकि मौके पर आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा सके।

### कार में आग लगाने पर युवक के खिलाफ केस

**कैथल।** शहर के सिरटा रोड पर शनिवार देर रात कार में आग लगाने के मामले में सिटी थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को शिकायत में गांव सिरटा निवासी अमर सिंह ने बताया कि 14 मार्च की रात आरोपी युवक ने उसका रास्ता रोक लिया और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी ने उसकी कार पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग लगने से कार पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### चाकू मार घायल करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने चाकू मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थाना उचाना के प्रभारी उप निरीक्षक दिलबाग सिंह ने बताया कि गत दस फरवरी को गांव पालवा निवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह अपने दोस्त सुमित के साथ पालवा के पुराने बस अड्डे के सामने खड़ा था। उसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक आए और उनमें से एक ने दोस्त सुमित पर चाकू से हमला कर दिया और बीचबचाव करने की कोशिश करने लगा तो उस पर भी चाकू से वार किया।

### महिला से यौन शोषण का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** महिला थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने, गर्भवती होने पर आरोपित के शादी से मुकरने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। शहर थाना नरवाना इलाके की महिला ने गत 21 फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके पति के साथ विवाद के चलते लगभग छह साल से वह अपने मायके में रह रही है। वर्ष 2025 में वह पानीपत से जींद परिवहन समिति बस में आ रही थी। उसी दौरान बस चालक मूलतः पानीपत हाल जवाहर नगर निवासी जोगेंद्र से बातचीत हो गई।

### जानलेवा हमला करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने गांव बडौदा में युवक पर फायर कर जानलेवा हमला करने के दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव बड़ौदा निवासी जगदीप ने गत दस फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह बाइक पर सवार होकर ओवरब्रिज के साथ से घर लौट रहा था। उसी दौरान रास्ते में कार सवार युवकों ने उस पर फायरिंग कर दी। जिसमें छर्रे लगने से वह घायल हो गया।

### पीर बाबा की मजार से इन्वर्टर व नकदी चोरी

**कैथल।** ककराला अनायत में चोर पीर बाबा की मजार के कमरे का ताला तोड़कर चोर इन्वर्टर और नकदी चोरी कर ले गए। मामले में सीवन थाना पुलिस ने 2 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में गांव ककराला अनायत निवासी बलबीर सिंह ने बताया कि उसके खेत में पीर बाबा की दरगाह बनी हुई है। दरगाह के पास 2 कमरे बनाए हैं, जिनमें से कमरे में पीर बाबा की मजार है और दूसरे कमरे में सामान रखा था। 4 को रोजाना की तरह काम खत्म कर बने कमरे को ताला लगाकर घर चला गया था।

---

### प्रशासन ने कमर्शियल सिलेंडरों के वितरण को लेकर बनाई छह सदस्यीय कमेटी

# सिलेंडरों को लेकर मारामारी होगी खत्म

### शहर में उपभोक्ताओं को 25 तो गांव में 45 दिन में मिलेंगे सिलेंडर

**डीएफओ के नेतृत्व में टीमें लगातार एजेंसियों पर दे रही दबिश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में घरेलू रसोई गैस तथा कमर्शियल गैस सिलेंडरों को लेकर उपभोक्ताओं को परेशानी न हो, इसको लेकर लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। डीएफओ के नेतृत्व में टीमें लगातार गैस एजेंसियों पर दबिश दे रही हैं और गैस वितरण के कार्य निगरानी बनाए हुए हैं। वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडरों को लेकर चली आ रही मारामारी को खत्म करते हुए प्रशासन ने छह सदस्यीयी कमेटी गठित की है। जो प्राथमिकता के आधार पर वितरण करवाएगी। कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर बनाई रणनीति लघु सचिवालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति तथा दैनिक औसत खपत के 20 प्रतिशत हिस्से को राज्य सरकार के लिए आरक्षित रखने के संबंध में बैठक आयोजित की गई।



जींद। गैस एजेंसी के बाहर सिलेंडर के लिए लगी लाइन। फोटो :हरिभूमि

**अनावश्यक भंडारण न करें**

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि गैस सिलेंडरों का अनावश्यक भंडारण न करें और आवश्यकता के अनुसार ही उपयोग करें ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके और किसी को भी अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े।

**आपूर्ति को सुनिश्चित किया**

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि शैक्षणिक संस्थानों, छात्रावासों और अस्पतालों को गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने में प्राथमिकता दी जाएगी। इन संस्थानों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों के लिए भोजन बनता है, इसलिए इनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए गैस आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में जिले में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निर्देशानुसार जिले में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की उपलब्धता तथा प्राथमिकता के आधार पर आवंटन सुनिश्चित करने के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति के अध्यक्ष उपायुक्त होंगे। समिति में एसपी, एसडीएम जींद, सीएमओ तथा डीईओ सदस्य के रूप में शामिल हैं। जबकि डीएफएससी समिति के सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे व बिक्री अधिकारी एचपीसीएल नोडल अधिकारी के रूप में कार्यरत रहेंगे। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप कॉमरशियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा आपूर्ति व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा कालाबाजारी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में एसपी कुलदीप सिंह, एसडीएम सत्यवान मान, सीएमओ डा. सुमन कोहली, डीईओ रितू पंघाल, डीएफएससी राजेश कुमार आर्य, सप्लाई इंचार्ज अमित सैनी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



जींद। गैस सिलेंडर वितरण को लेकर बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए डीसी।

**समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराएं**

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक डीएफएससी राजेश कुमार आर्य ने कहा कि उपभोक्ताओं को गैस की किल्लत किसी भी सूरत में नहीं होने दी जाएगी। सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह समय पर उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध कराएं और वितरण व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है। शहर में उपभोक्ताओं को 25 तो गांव में 45 दिन में सिलिंडर मिलेंगे।



कलायत। श्री रैदास तख्त परिसर में सिलेंडर वितरण के लिए स्थापित केंद्र।

## श्री रैदास तख्त परिसर में किया स्थापित अस्थायी वितरण केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत


कलायत में गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को हो रही दिक्कतों के बीच इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की इंडेन गैस एजेंसी ने सराहनीय पहल की। इसके तहत अस्थायी गैस वितरण केंद्र स्थापित किया। केंद्र वार्ड नंबर एक स्थित श्री रैदास तख्त परिसर में बनाया गया। इससे बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को सुविधा मिली। विभिन्न संगठनों ने गैस एजेंसी संचालक डा.प्रीतम कौलेखां से मुलाकात करते रसोई गैस समस्या निवारण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाने का आग्रह किया था। इस विषय पर त्वरित संज्ञान लेते डा. प्रीतम ने एजेंसी कर्मियों की बैठक बुलाई। उपरांत सोमवार सुबह श्री रैदास तख्त परिसर में गैस सिलेंडर वितरण के लिए वाहन लेकर कर्मियों की टीम पहुंची। किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए खुद एजेंसी संचालक डा. प्रीतम कौलेखां पूरा समय केंद्र पर डेरा डाले रहे। साथ ही एजेंसी व अन्य केंद्रों से पल-पल की अपडेड लेते रहे। उनके नेतृत्व में एजेंसी की पूरी टीम कई घंटों तक सक्रिय रही और व्यवस्थित तरीके से गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया। केंद्र पर उपभोक्ताओं के लिए लाइन लगवाकर सिलेंडर वितरण की व्यवस्था की गई। वाहनों की पार्किंग के लिए अलग से स्थान निर्धारित किया गया था।

---

## एक सप्ताह पहले बनाई सड़क टूटी, रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाई

लगभग एक सप्ताह पूर्व करोड़ा से पाई तक बनाई नई सड़क अभी से टूटनी शुरू हो गई है, जिसको लेकर ग्रामीणों में सरकार व जिला प्रशासन के प्रति रोष दिखाई दिया। उल्लेखनियां है कि जिस समय यह सड़क बन रही थी, उस समय भी घटिया सामग्री और सही न बनाने को लेकर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य भी रोक दिया था। ग्रामीण मनजीत करोड़ा, दिलबाग, संजीव, महेंद्र, रवि, जयदेव, महावीर तथा भान सिंह आदि ने बताया कि इस सड़क को बनाते समय बजरी में तारकोल का अनुपात सही नही किया गया था और तारकोल नाममात्र का ही था। सडक़ पर से मिट्टी भी साफ नही की गई थी और मिट्टी के ऊपर ही बजरी ड़ाल दी गई। बताया कि एक तरफ हल्का विधायक सतपाल जांबा बार बार कहते है किन खाऊंगा और न खाने दूंगा, परन्तु इसके ठीक विपरित इसके हल्के में खुले आम जमकर लोगों के खुन पसीने की कमाई के पैसे खा रहे है। उन्होंने बताया कि सड़क के दोनों ओर मिट्टी को समतल नही किया गया।



पाई। टूट रही करोड़ा से पाई तक बनाई नई सड़क। फोटो :हरिभूमि

## तीन विद्यार्थी एसडी स्कूल में नकल करते पकड़े, ड्यूटीरत शिक्षक को रिलीव किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा में चार यूएमसी बनाई गई। इसमें से तीन विद्यार्थी एसडी स्कूल में नकल करते हुए पाए। वहीं मंगलपुर गांव के परीक्षा केंद्र में विद्यार्थी के पास नकल सामग्री पाई गई। एसडी स्कूल में विद्यार्थियों के नकल करते पाए जाने पर कार्यरत शिक्षक सत्यवान को रिलीव कर दिया गया। वहीं 28 फरवरी को झमोला गांव के पीएसपीएम स्कूल में चपरासी सुरेंद्र के मोबाइल में प्रश्नों के उतर मिला था, उसे फ्लाइंग स्क्वायड ने उसे पकड़ा था। केंद्र अधीक्षक की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया गया था कि मोबाइल में आज की परीक्षा की डी कोड की उत्तरकुंजी थी। अब इस पेपर को रद्द कर दिया गया है। अब यह परीक्षा 25 मार्च को जुलाना में होगी। 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 20 मार्च और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं एक अप्रैल तक होंगी। बोर्ड स्तर, एसडीएम स्तर व अन्य अधिकारियों की फ्लाइंग स्क्वाड टीमें गठित की गई हैं। इसके अलावा परीक्षा केंद्र के बाहर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई है जो शरारती तत्वों पर नजर बनाए हुए है। परीक्षा केंद्र में प्रवेश करते समय विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड व आधार कार्ड की जांच की जाती है।



**लापरवाही बरते शिक्षक रिलीव**

जिला प्रश्नपत्र टीम के अधीक्षक राजेंद्र कुमार सिरोहा ने कहा कि सोमवार को हुई 10वीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान परीक्षा में चार यूएमसी बनाई गई हैं और ड्यूटी में लापरवाही बरते जाने पर एक शिक्षक को रिलीव कर दिया गया है।

### अश्लील हरकत करने रोका तो किया हमला

**जींद।** सफीदों में नाबालिग लड़कियों से अश्लील हरकत करने का विरोध करने पर आरोपित परिवार ने कुछ अन्य लोगों के हमला कर दिया। जिसमें पीड़ित पक्ष के चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सात को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट, अशील हरकत करने, मारपीट करने पर मामला दर्ज किया है। सफीदों निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पड़ोसी रमन उसकी नाबालिग लड़कियों को पढने जाते समय उनका पीछा करता था। जिस पर आरोपित के पिता सतनारायण से शिकायत की। बावजूद इसके आरोपित अपनी हरकतों से बाज नही आया। दो दिन पहले आरोपित रमन ने उसकी भतीजी से अशील हरकत की और घर में रोड़ी फैंकी। जिस पर वे उल्हाना देने आरोपित के घर चले गए।

## मांगों को मंजूरी दिलाने का आश्वासन

- हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ने नरवाना कोर्ट परिसर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आलोक जैन ने सोमवार को नरवाना न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अदालत की कार्यप्रणाली लंबित मामलों और न्यायिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व वकीलों से भी बातचीत की। न्यायमूर्ति आलोक जैन ने कहा कि नरवाना की बार एसोसिएशन और यहां के न्यायाधीशों के बीच बहुत अच्छा तालमेल देखने को मिला है। दोनों पक्ष मिल कर न्यायिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए प्रयास कर रहे हैं। कहा कि कुछ मामलों में सुनवाई में देरी हो रही है लेकिन इसके पीछे केवल एक पक्ष जिम्मेदार नहीं होता बल्कि कई बार दोनों पक्षों की ओर से भी देरी होती है और कहीं-कहीं आम नागरिक भी इसमें शामिल होते हैं। कहा कि इस दिशा में सुधार के लिए गंभीरता से काम किया जा रहा है। बार एसो की ओर से रखी गई मांगों के बारे में कहा कि जो मांगें उनके सामने रखी गई हैं उन्हें उच्च स्तर पर भेज कर मंजूरी दिलाने का प्रयास किया जाएगा।



जींद। संबोधित करते पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आलोक जैन।

### दुकान की सौदेबाजी कर सवा नौ लाख रुपये हड़पे

**जींद।** सफीदों में दुकान की सौदेबाजी कर नौ लाख 24 हजार 200 रुपये हड़पने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी करने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों के वार्ड चार निवासी सुशील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पीर बाबा के पास दुकान है। गांव खेड़ा खेमावती अंकित तथा रवि उसके पास आए। दोनों आरोपितों ने कहा कि उन्होंने बगल में पड़ी दुकान को खरीद लिया है। वह उस दुकान को किराये पर देना चाहते हैं। जिसके किराया आरोपितों ने एक लाख रुपये बताया। दुकान की रजिस्ट्री अंकित के नाम बताया। 15 सितंबर 2025 तक किरायानामा लिखवा लिया गया। कुछ समय के बाद अंकित उसके पास आया और कहा कि उसे दुकान को बेचना है।

## विशेष अभियान चलाकर किए 99 वाहनों के चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे हरियाणा के आदेशानुसार, एसपी उपासना के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से 9 मार्च से 15 मार्च तक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा गलत लेन में वाहन, लाल नीली बत्ती का इस्तेमाल व नशा करके वाहन चलाने वालों तथा प्रेशर हॉर्न व बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर या अन्य तरीके से ध्वनि प्रदूषण करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान गलत लेन में वाहन चलाने के 52, ध्वनि प्रदूषण करने का 1, लाल नीली बत्ती इस्तेमाल के 40 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 6 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस ने इस दौरान सभी वाहन चालकों को भी यातायात नियमों की पालना करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी। एसपी उपासना ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसे विशेष अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

### बरसात के कारण खरबूजे की फसल को भारी नुकसान

# तेज बरसात ने किसानों के अरमानों पर फेरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

रविवार रात को क्षेत्र में हुई तेज बरसात ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया। इस बरसात से सबसे अधिक नुकसान खरबूजे की फसल को हुआ है। किसानों ने हाल ही में खेतों में खरबूजे की काश्त की थी और पौधे निकलने भी शुरू हो गए थे, लेकिन अचानक हुई तेज बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया और कई जगहों पर छोटे-छोटे पौधे नष्ट हो गए। क्षेत्र के किसान राजेश रहेजा, अंतरजीत सिंह, नवदीप सिंह, राजविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, जरनैल सिंह और सुरेंद्र सरदाना ने बताया कि खरबूजे की खेती में काफी लागत आती है और किसान इसे बड़े जोखिम के साथ लगाते हैं। उन्होंने बताया कि एक एकड़ में खरबूजे की फसल लगाने के लिए बीज, मल्चिंग शीट, खेत की तैयारी, मजदूरी, खाद व दवाइयों सहित लगभग 30 हजार रुपये प्रति एकड़ तक खर्च आता है। किसानों ने मेहनत और उम्मीदों के साथ हाल ही में खरबूजे की काश्त की थी और पौधे भी निकलने शुरू हो गए थे। किसानों ने बताया कि तेज बरसात के कारण खेतों में पानी भर गया, जिससे पौधे उपर से टूट गए, पौधों की जड़ें खराब हो गईं और कई पौधे पूरी तरह नष्ट हो गए। कुछ खेतों में तो पूरी फसल ही खराब होने की स्थिति बन गई है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम सामान्य रहता तो आने वाले समय में उन्हें अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन बारिश ने उनकी सारी मेहनत पर पानी फेर दिया।



सीवन। खेतों में खरबूजे की फसल में खड़ा पानी। फोटो :हरिभूमि

**उचित मुआवजे की मांग उठाई**

किसानों ने बताया कि अब उन्हें दोबारा से खेतों की तैयारी करके खरबूजे की बुवाई करनी पड़ेगी, जिससे एक बार फिर से खर्च बढ़ जाएगा। इसके अलावा दोबारा बुवाई करने से फसल तैयार होने में भी देरी होगी, जिससे बाजार में अच्छे दाम मिलने की संभावना भी कम हो सकती है। किसानों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि बारिश से हुए नुकसान का सर्वे कराया जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए, ताकि उन्हें कुछ आर्थिक राहत मिल सके। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते सहायता नहीं मिली तो छोटे और मध्यम किसान आर्थिक संकट में आ सकते हैं।



कलायत । खेतों में गिरी गेहूं की फसल। फोटो :हरिभूमि

**तेज हवाओं से गेहूं की फसल में नुकसान**

**कलायत।** बरसात, ओलावृष्टि व तेज हवाओं के कारण कलायत क्षेत्र में गेहूं की फसल में भारी नुकसान की संभावना किसानों द्वारा जताई जा रही है। इसके साथ ही सरसों व सब्जी फसलों में भी ओलावृष्टि भारी पड़ी है। कृषि विभाग के आंकड़ों के हिसाब से कलायत उपमंडल में 72 हजार 181 एकड़ कृषि भूमि है। इसमें से करीब 96 प्रतिशत भूमि पर गेहूं की फसल खड़ी है। खंड कृषि अधिकारी डा.विजय मान ने बताया की रविवार को आई बरसात व तेज हवाओं के कारण से 15 प्रतिशत गेहूं की फसल में नुकसान का अनुमान फिलहाल लगाया जा रहा है। अगेती किस्मों का दाना बन चुका है इसलिए उनमें कम नुकसान व पछेती किस्में जिनमें बालियां दूध की स्टेज में हैं उनका अधिक नुकसान हो सकता है। जिन खेतों में गेहूं की फसल में पानी लगाया गया था उनमें गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई है। बरसात व ओलों का जहां नुकसान हुआ है वहीं गेहूं की फसल को इसका फायदा भी मिलने वाला है। जिस तेजी से तापमान बढ़ रहा था उससे गेहूं की पैदावार में गिरावट आना सुनिश्चित था। अधिक तापमान में गेहूं का दाना सिकुड़ जाता है। इससे पैदावार में कमी आती है।

## खबर संक्षेप

### गुरूग्राम के लिए निकली युवती लापता, केस दर्ज

**जींद।** नरवाना से गुरूग्राम के लिए निकली युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 14 मार्च को उसकी बेटी गुरूग्राम के लिए घर से निकली थी। जिसके बाद वह न तो गुरूग्राम पहुंची और न ही घर वापस लौटी। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है।

### डिप्टी स्पीकर करेंगे 20 से विभिन्न गांवों का दौरा

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि आगामी पांच अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जींद में प्रस्तावित रैली के दृष्टिगत हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा 20 मार्च से 23 मार्च तक जींद विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि 20 मार्च को डिप्टी स्पीकर प्रातः10 बजे गांव पिंडारा से दौरे की शुरूआत करेंगे। इसके बाद गांव निर्जन, मांडो, मनोहरपुर, बरसाना, खुंगा, लोहचब, खेड़ी तलौड़ा, तलौड़ा तथा रायचंदवाला में पहुंचेंगे।

### नवरात्र पर्व हर्षोंल्लास से मनाते हैं श्रद्धालु : कौशिक

**उचाना।** देवभूमि भूमि बनभौरी स्थित माता भ्रामरी शक्तिपीठ धाम के पुजारी पं. श्याम लाल कौशिक ने कहा कि नवरात्र के पर्व श्रद्धालु हर्षोंल्लास से मनाते है। नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना और घटस्थापना की जाती है, इस बार 19 मार्च को घटस्थापना का मुहूर्त सुबह 6:52 से शुरू होकर सुबह 7:43 तक रहेगा, अगर कोई इस मुहूर्त में घटस्थापना न कर पाए तो उनके लिए घटस्थापना अभिजीत मुहूर्त भी रहेगा।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विकास नगर में रह रहे एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 14 मार्च को उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पावर कॉर्पोरेशन कर्मचारी यूनि का सम्मेलन संपन्न

**जींद।** हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्ग कर्मचारी यूनियन का 36वां द्विवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन सोमवार को सफीदों रोड स्थित श्री गुरु रविदास धर्मशाला में आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता एडहॉक कमेटी के चेयरमैन राम सिंह कटारिया ने की। इस अवसर पर प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों ने भाग लेकर संगठन को मजबूत बनाने तथा कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। सम्मेलन के दौरान आगामी दो वर्षों के लिए यूनियन की नई राज्य कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया।

### डोहाना खेड़ा पहुंचा श्री सत्य साईं बाबा का प्रेम वाहिनी रथ

**उचाना।** श्री सत्य साईं बाबा का प्रेम वाहिनी रथ सोमवार को डोहाना खेड़ा गांव में पहुंचा। शिरडी साईं स्कूल में ग्रामीणों ने स्वागत किया। भजन में ग्रामीण मौजूद रहे। उसके बाद रथ का पूरे गांव में भ्रमण करवाया गया। श्रद्धालुओं ने बाबा की आरती की, नारियल फोड़े और उसके उसके बाद चरण पादुका के दर्शन कर पुष्प अर्पित किए। शाम को एक घंटे के भजन में श्रद्धालु मौजूद रहे। अंत में आरती के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया।

### बडनपुर के बुनियाद में 2 बच्चों का चयन

**नरवाना।** रावमावि बडनपुर प्रत्येक वर्ष स्कूल से सुपर हंड्रेड में बुनियाद में एनएमएमएस में ब्लॉक उचाना में सर्वाधिक बच्चों का चयन होता रहा है। इस बार के बुनियाद के रिजल्ट में लेवल दो में नो बच्चों का चयन हुआ। सुपर हंड्रेड में भी प्रिया व जतिन कक्षा दसवीं के दो विद्यार्थी चयनित हुए। बच्चों को फाउंडेशन कोर्स नवमी दसवीं की फ्री कोचिंग मिलेगी।

---

अतुल्य भारत कार्यक्रम के तहत चौधरी रणबीर सिंह विवि में तीन दिवसीय फॉकडांस फेस्टिवल का भव्य आगाज

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कलाकारों ने बांधा समां

## जनजातीय नृत्य, क्षेत्रीय सांस्कृतिक नृत्य और लोकगीतों से भारतीय संस्कृति की विविधता को पेश किया

**कार्यक्रम के पहले दिन लगभग 100 कलाकारों ने दी प्रस्तुति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतुल्य भारत कार्यक्रम के तहत चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में सोमवार को तीन दिवसीय फॉकडांस फेस्टिवल का भव्य आगाज हुआ। सांस्कृतिक उत्सव 16 मार्च से 18 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन देश के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 100 कलाकारों ने अपनी पारंपरिक लोक नृत्य शैलियों की आकर्षक दी। सांस्कृतिक उत्सव के उद्घाटन अवसर पर समारोह के मुख्यअतिथि प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा ने उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज का धन्यवाद करते कहा कि ऐसे आयोजन भारत की समृद्ध लोक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने बड़ा माध्यम हैं। इन कार्यक्रमों से विभिन्न राज्यों की संस्कृति परंपराओं और लोक जीवन के बारे में जानने का अवसर मिलता है साथ ही यह मंच लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा दर्शाने और अपनी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। इस आयोजन का उद्देश्य भारत की समृद्ध लोक परंपराओं, जनजातीय संस्कृति और विविध सांस्कृतिक धरोहर को एक मंच पर प्रस्तुत करना है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. राजेश बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम किसी भी शैक्षणिक संस्थान की आत्मा होते हैं।

ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है और उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता तथा नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम के समन्वयक डा. कृष्ण कुमार ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते बताया कि यह आयोजन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज और चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के संयुक्त के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना भी है। वर्तमान आधुनिक और तकनीकी युग में कई बार युवा अपनी जड़ों से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में अतुल्य भारत जैसे कार्यक्रम उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझने और उस पर गर्व करने के लिए प्रेरित करता है। इस भव्य सांस्कृतिक महोत्सव के प्रथम दिन देशभर के विभिन्न राज्यों मध्य प्रदेश, नागालैंड, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। इन कलाकारों ने अपने-अपने राज्यों की पारंपरिक लोक नृत्य शैलियों जैसे जनजातीय नृत्य, क्षेत्रीय सांस्कृतिक नृत्य और लोकगीतों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की विविधता को पेश किया। चौधरी रणबीर सिंह विवि के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निदेशक व कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. अनिल कुमार ने बताया कि विवि लोक विधाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है। विवि के जनसंपर्क विभाग के निदेशक डा. विजय कुमार इस तीन दिवसीय समारोह के पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इस दौरान तीन दिवसीय इस सांस्कृतिक महोत्सव में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ-साथ कलाकारों और विद्यार्थियों के बीच संवाद और सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी हो रहा है। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दे रहे कलाकारों ने कहा कि हमारे जैसे लोक कलाकारों के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ है, जो दर्शकों के लिए भारत की बहुरंगी सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखने और समझने का अनूठा अवसर प्रदान कर रहा है तो वहीं चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आकर हमें भी बहुत कुछ सीखने का मौका मिल रहा है।



जींद। कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यातिथि। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते टीमें। फोटो :हरिभूमि






### कलाकारों का उत्साहवर्धन किया

सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आई टीमों ने अपनी-अपनी पारंपरिक लोक कलाओं की शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों, वाद्य यंत्रों और आकर्षक नृत्य शैलियों से पूरा वातावरण सांस्कृतिक रंग में रंग गया। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों ने तालियों की गडगड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश की टीम ने अपने फोक बैंड के माध्यम से लोक संगीत की मधुर धुनें पेश की। ढोलक, हारमोनियम और अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्रों की संगत पर गाए गए लोकगीतों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। हरियाणा की टीम ने पारंपरिक घूमर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान कलाकारों ने लयबद्ध अंदाज में घूमर की प्रस्तुति दी। जिसने उपस्थित दर्शकों को खूब आकर्षित किया।

### लोकगीतों की धुन पर आकर्षक नृत्य

उत्तर प्रदेश की टीम ने मयूर नाच और फूलों की होली की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं फूलों की होली की प्रस्तुति ने ब्रज की पारंपरिक होली की याद दिलाई। उत्तराखंड से यहां पहुंची टीम ने प्रसिद्ध लोकनृत्य छपेली प्रस्तुत किया। इस नृत्य में कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में लोकगीतों की धुन पर आकर्षक नृत्य कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। राजस्थान की टीम ने चरी और घूमरऽ नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। चरी नृत्य में महिला कलाकारों ने सिर पर जलती हुई दीपों से सजी चरी रख कर संतुलन के साथ नृत्य किया। जो कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा। वहीं घूमर की प्रस्तुति ने राजस्थानी संस्कृति की झलक पेश की। इसके अलावा नागालैंड की टीम ने पारंपरिक लोक नृत्य से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। कलाकारों ने पारंपरिक पोशाक और युद्ध शैली की झलक लिए नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध संस्कृति से रूबरू कराया।

---

### भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टीः कंडेला



**जींद।** हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने गांव बहोतवाला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर में गांव के पंचायत भवन में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते कहा है कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। कार्यक्रम का आयोजन भारत माता की जय बोलकर करती है और इसका समापन राष्ट्रीय गान गा कर किया जाता है। कंडेला ने कहा कि दूसरी पार्टियों में अपने नेता के नाम से जय बोल कर प्रोग्राम शुरू करते हैं। जबकि इस पार्टी में ऐसा नही है। यह पार्टी राष्ट्रवाद व देश हित में काम करती है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक गरीब परिवार में जन्म लिया। जिन्होंने संगठन के दम पर देश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने का काम किया। जिन्होंने देश हित में किसानों व मजदूरों व गरीब आदमियों को अनेक प्रकार की सुविधा देकर जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री सड़क योजना जैसे ही देश हित में कार्य किया प्रधानमंत्री के हाथों में देश सुरक्षा और विकास के मामले में पूरी तरह सुरक्षित है। इसी प्रकार हरियाणा के मुख्यमंत्री जिन्होंने हरियाणा प्रदेश के तीसरी बार सरकार बनाने में मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए और आज दिन रात किसानों के बीच में रह कर हरियाणा के हित में काम कर रहे हैं। अनेक प्रकार की सुविधा चला कर और भाजपा लंबे समय तक देश व प्रदेश में राज करती रहेगी। आज देश और प्रदेश के लोग केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार से खुश नजर आ रहे हैं। कंडेला ने कहा कि भाजपा का छोटा सा कार्य करता किसी भी बड़े पद पर जा सकता है। प्रशिक्षण शिविर के दौरान बहुत से लोगों ने पार्टी सदस्यता ली है और पार्टी का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। शिविर में स्वर्ण गर्ग, कृष्ण रेढू, अनु, संदीप, सतबीर रेढू, हजूरा सिंह कंडेला, आजाद सिंह बहोतवाला, सत्यवान रेढू, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।



सम्मेलन में परिचय करवाते अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल।

### वैवाहिक परिचय सम्मेलन में पहुंचे प्रत्याशी

**जींद।** अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक व युवतियों के लिए करनाल के सेक्टर 8 स्थित अग्रसेन भवन में राज्य स्तरीय अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन में हरियाणा सहित पंजाब, दिल्ली, राजस्थान और अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी विवाह योग्य प्रत्याशियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवक व युवतियों और उनके अभिभावकों ने एक-दूसरे से परिचय स्थापित कर अपने बच्चों के लिए योग्य जीवनसाथी की तलाश की। राज्य स्तरीय सम्मेलन में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने भी मुख्य तौर पर शिरकत की। उन्होंने मंच से विवाह योग्य प्रत्याशियों का परिचय करवाया। परिचय के दौरान विवाह योग्य प्रत्याशियों की जरूरी जानकारी दी गई। राजकुमार गोयल ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के युवाओं को सशक्त व विश्वसनीय मंच उपलब्ध करवाना रहा ताकि विवाह योग्य प्रत्याशियों के परिवार आपस में मिलकर रिश्तों के लिए संवाद स्थापित कर सकें।

### सुदेश सहरावत को किया सम्मानित

**जुलाना।** भारत स्काउट एंड गाइड्स के तत्वावधान में हरियाणा स्टेट संगठन द्वारा पंचकूला स्थित दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम मुख्यालय के प्रांगण में आयोजित वार्षिक बैठक के दौरान जींद जिले के जिला प्रशिक्षण आयुक्त कब सुदेश सहरावत को स्काउटिंग प्रशिक्षण के सर्वोच्च कोर्स हिमालय वुड बैज का प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके उत्कृष्ट प्रशिक्षण कार्य और स्काउटिंग के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रदान किया गया। बताया जा रहा है कि मुख्यअतिथि संस्था के कमिश्नर एवं सचिव डा. मनीराम शर्मा आईएएस प्रबंध निदेशक दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम रहे। अध्यक्षता स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर एलएएस वर्मा और रोमा सप्रा ने संयुक्त रूप से की। मंच संचालन अनिल और विनोद बंसल द्वारा किया गया। स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर लक्ष्मी वर्मा ने बताया कि सुदेश सहरावत ने जून 2024 में जींद जिले से अकेले तारा देवी शिमला में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा किया था और अब उन्हें इसका आधिकारिक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।



जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुदेश सहरावत को हिमालय वुड बैज से सम्मानित करते मुख्यतिथि डा. मनीराम। फोटो :हरिभूमि




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### इंडस स्कूल में एनिमल थीम पार्टी

**जींद।** इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग जींद में नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एनिमल थीम पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चे विभिन्न जानवरों के गेटअप में तैयार होकर आए। किसी ने शेर, किसी ने खरगोश, किसी ने तितली और बिल्ली का रूप धारण किया। बच्चों की प्यारी वेशभूषा और मासूम अदाएं सभी का मन मोह रही थी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रैंप वॉक रहा। इसके बाद बच्चों ने मस्ती, धमाल और कई मजेदार गतिविधियों में भाग लिया। खेल, नृत्य और मनोरंजक गतिविधियों ने पूरे माहौल को उत्सव बना दिया। मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और आनंद की भावना को बढ़ावा देते हैं उन्हें सीखने का एक नया और मनोरंजक अनुभव प्रदान करते हैं।

### ई भूमि पोर्टल से खरीद प्रक्रिया शुरू

**जींद।** हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के शहरों और कस्बों में योजनाबद्ध विकास को गति देने के लिए अब भूमि खरीद प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बना दिया गया है। इसी कड़ी में ई भूमि पोर्टल के माध्यम से भूमि खरीदने तथा अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। संपदा अधिकारी सत्यवान सिंह मान ने बताया कि प्रक्रिया के तहत इच्छुक भूमालिकों तथा एग्रीगेटरों को अपनी भूमि का पूरा विवरण ई भूमि पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। इसके लिए सरकार द्वारा प्रथम चरण में 30 अप्रैल तक का समय निर्धारित किया गया है। अवधि के दौरान भूमि मालिक अपनी जमीन से संबंधित जानकारी, दस्तावेज और आवश्यक विवरण पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नरवाना क्षेत्र में भी इस योजना के तहत बड़े स्तर पर विकास की योजना तैयार की गई है। इसके तहत रेवेन्यू एस्टेट डूमरखां कलां, मोहल खेड़ा तथा नरवाना शहर के विभिन्न हिस्सों में नए सेक्टर विकसित किए जाने का प्रस्ताव है।



जींद। जानकारी देते संपदा अधिकारी सत्यवान मान। फोटो :हरिभूमि



उचाना। सम्मानित किए गए विजेता प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

### विजेताओं को किया सम्मानित

**उचाना।** राष्ट्रीय शिक्षा समिति टोहाना द्वारा आयोजित अक्टूबर, दिसंबर माह में प्रदेशस्तरीय प्रतियोगिता में मेरिट प्राप्त करने वाले 55 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के तौर पर समिति चेयरमैन वीरेंद्र कौशल पहुंचे। अध्यक्षता एमडी शर्मिली श्योकंद ने की। अक्टूबर में आयोजित हिंदी प्रतियोगिता में जूनियर, सीनियर वर्ग में 24 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। दिसंबर में आयोजित विज्ञान प्रतियोगिता में 31 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। जूनियर वर्ग में छठी कक्षा की दिव्या ने प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर में 10वीं की साक्षी ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया। अरोड़ा ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजनों से विद्यार्थियों को आगे आने का अवसर मिलता है। विद्यार्थियों के मन में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। भविष्य में आगे बढने का अवसर इस तरह की प्रतियोगिताओं से मिलता है। प्रिंसिपल डिंपल अरोड़ा, एमडी शर्मिली श्योकंद आदि मौजूद रहे।

# नशे के खिलाफ किया जागरूक

■ डीसी व एसपी ने चमेला कालोनी का दौरा कर लोगों को दी सख्त चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डीसी मोहम्मद इमरान रजा व एसपी कुलदीप सिंह ने सोमवार को चमेला कालोनी में जाकर लोगों और युवाओं से नशे के दुष्प्रभावों व नशा बेचने वालों के बारे में चर्चा की। डीसी व एसपी ने कहा कि नशा आज के समय में समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। विशेष रूप से युवा पीढ़ी यदि नशे की गिरफ्त में आती है तो उसका भविष्य ही नही बल्कि परिवार और समाज का भविष्य भी प्रभावित होता है। इसके साथ ही उन्होंने नशा बेचने के कारोबार से जुड़े लोगो को भी चेतावनी देते कहा कि या तो वह नशा बेचना बंद कर दें अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दोनों अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह स्वयं भी नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करे। यदि उनके आसपास किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, नशा बेचने या नशे से संबंधित कोई भी जानकारी मिलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस को दी गई सूचना को पूरी गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी आश्वासन दिया कि क्षेत्र में जो भी सामाजिक सुधार और जनसुविधाओं से संबंधित आवश्यकताएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे। पुलिस विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया कि जिला जींद में नशे के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और समाज के सहयोग से इस बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।



---

शिविर में आई 25 शिकायतें, समाधान करने के दिए निर्देश

# आमजन की रोजमर्रा से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने की अनूठी पहल समाधान शिविरः इमरान रजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लघु सचिवालय में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने आमजन की समस्याएं सुनीं। शिविर में 25 शिकायतें प्राप्त हुई। डीसी ने सभी शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए उन्हें संबंधित विभागों को सौंप कर नियम अनुसार कार्रवाई कर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में गांव मांडी खुर्द निवासी सोहनलाल ने बिजली बिल दुरुस्त करवाने, लिजवाना खुर्द निवासी ब्रिजेश ने एमएमएपीयूवाई योजना के तहत लोन की किश्त में सब्सिडी दिलवाने, जैन नगर निवासी संदीप ने दुकान के बिजली बिल को दुरूस्त करवाने तथा दिल्लूवाला निवासी पूनम ने हर घर हर ग्रहणी योजना व दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना से संबंधित समस्या रखी। वहीं गांव राजगढ़ ढोबी के ग्रामीणों ने जोहड़ के बंद पानी को खुलवाने, गांव ढिगाना निवासी मौलड राम ने बिजली बिल ठीक करवाने तथा सुभाष नगर खेड़े वाली गली निवासियों ने गली में सीवर ढक्कन ऊंचा करने एवं धड़ा बनाए जाने से आवागमन में हो रही परेशानी को लेकर शिकायत दी। इसी प्रकार दुर्गा कॉलोनी निवासी वीरमती ने राशन कार्ड संबंधित शिकायत, कृष्णा कॉलोनी निवासी वीरमती ने आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण घरेलू बिजली बिल में राहत देने तथा मेन बाजार निवासी शालू रानी ने बिजली विभाग द्वारा लगाए गए कमर्शियल मीटर के जुर्माने को माफ करवाने के संबंध में प्रार्थना की। डीसी ने सभी शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए उन्हें संबंधित विभागों को भेजकर नियमानुसार कार्रवाई करते शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए।



जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीसी। फोटो :हरिभूमि

### शिविरों का लाभ उठाने का आह्वान

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि समाधान शिविर और सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों का समयबद्ध समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई कर उनका जल्द निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार लगाए जा रहे समाधान शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।



जींद। आश्रम का दौरा करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### छात्राओं ने वृद्धाश्रम का किया भ्रमण

**जींद।** एक अनोखे और भावपूर्ण अनुभव के तहत हिंदू कन्या महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की 28 छात्राओं ने जन सेवा संस्थान वृद्धाश्रम ईक्कस का भ्रमण किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आरती सैनी व कार्यक्रम का सचांलन डा. तनु रानी ने किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों के प्रति समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता बढाना था। वृद्धाश्रम में छात्राओं ने बुजुर्गों के साथ समय बिताया। उनके अनुभवो को सुना और उनके साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर छात्राओं ने बुजुर्गों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने छात्राओं के वृद्धाश्रम दौरे को लेकर सामुदायिक सेवा और मूल्य आधारित शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के भ्रमण से छात्राओं में सुहानुभूति, सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत होती है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम की संचालिका डा. तनु रानी ने छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

### जल महोत्सव पखवाड़े के अंतर्गत कार्यशाला

**राजौंद।** गांव फरीयाबाद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत आयोजित जल महोत्सव पखवाड़ा के तहत ग्राम स्तरीय कार्यक्रम एवं ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना तथा जल संरक्षण जन सहभागिता से सतत विकास के संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाना रहा। जिला सलाहकार दीपक कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता फरीयाबाद के सरपंच अनिल कुमार ने की।

### सिसमोर की मंजू रानी ने तीन पदक जीते

**कैथल।** वेटरन एथलीट ऑफ़ फेडरेशन की तरफ से चल रही बठिंडा पंजाब मे 14 मार्च से 16 मार्च तक 45वी नेशनल वटर्न एथलीट चैंपियनशिप 2026, जिसने भारत के भारत अनेक राज्यों के खिलाडियो ने विभिन्न इवेंट में भाग लिया। इसमें विभिन्न आयु वर्ग बनाए गए थे। हरियाणा की तरफ से मंजू रानी पुत्री जसवंत सिंह गांव सिसमोर, कैंथल ने 30 से 35 आयु वर्ग में तीन इवेंटो शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो मे भाग लिया और तीन मेडल प्राप्त किये।

### जेवर-नकदी चुराने के आरोप में एक नामजद

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस ने एक मकान में रखा ट्रक तोड़कर जेवरात तथा नकली चुराने के रूप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस बंद में कस्बा कलायत के वार्ड नंबर 13 के संदीप ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कस्बा के ही रॉकी नामक युवक ने 14 मार्च को उसके मकान में घुसकर वहां पर रखे ट्रक का कुंडा तोड़कर उसमें से जेवरात तथा 50000 रुपये नकदी चुरा कर ले गया। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक बलवान ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव नौच में खेत से हजारों की तार चुराई

**कैथल।** कैथल के गांव नौच से चोर हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। गांव नौच के प्रेमचंद में सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि 13 मार्च की रात को चोर उसके सबमर्सिबल के तार व अन्य सामान चुरा कर ले गए। मामले के जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक मनोज ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये प्रति किलो तय

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश के मधुमक्खी पालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा अहम कदम उठाया है। सरकार ने भावांतर भरपाई योजना के तहत शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये प्रति किलोग्राम तय कर दिया है। इस कदम से न केवल शहद उत्पादकों को उनके उत्पाद का उचित भाव मिलेगा, बल्कि उनकी आय में भी स्थिरता आएगी। डीसी अपराजिता ने कहा कि राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं हनी मिशन के माध्यम से भारत शहद निर्यात में अपनी वैश्विक पहचान बना रहा है। हरियाणा सरकार की यह योजना राज्य में शहद उत्पादन को नए आयाम देगी। योजना का लाभ लेने के लिए सभी मधुमक्खी पालकों को मधुक्रांति पोर्टल तथा भावांतर भरपाई योजना पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

### एसडीएम ने नागरिकों की समस्याएं सुनी

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याएं व शिकायतें सुनी। उन्होंने मौके पर ही कई समस्याओं का निपटारा किया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान हो, इसके लिए डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में उपमंडल स्तर पर सप्ताह में दो बार समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है।

## समधान के लिए उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

# पेयजल किल्लत को लेकर गुलियानावासियों में रोष

**संबंधित विभाग के खिलाफ नारेबाजी की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

भले ही जिला प्रशासन स्वच्छ पानी सप्लाई करने के कितने ही दावे करे लेकिन कुछ ओर ही बयां कर रही है। कईं गांवों के ग्रामीण गंदा व निम्न स्तर का पानी पीने को मजबूर हैं। गांव में आपूर्ति हो रहे गंदे पेयजल को लेकर सोमवार को गांव गुलियाना के ग्रामीण डीसी से मिले लघु सचिवालय पहुंचे तथा संबंधित विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। ग्राम सरपंच सुखदेव ने बताया कि ग्रामीण 3500 टीडीएस वाला पानी पीने को मजबूर हैं। तीन सरकारी स्कूलों में 1100 छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रही हैं, गांव के लोग और पशु भी यही पानी पी रहे हैं, लोग बीमार होने लगे हैं, यही हालत रही तो ज्यादा परेशानी हो रही है। स्कूली छात्रों को पेट की बीमारियां होने लगी हैं।



कैथल। डीसी से मिलने पहुंचे गुलियाना के ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

**पानी का टीडीएस 3500 से भी ज्यादा**

विभाग की ओर से सप्लाई किए जाने वाले पानी का टीडीएस लेवल 3500 से भी ज्यादा है जिससे पीना तो दूर कपड़े धोने व पशुओं को पिलाने के लिए भी प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूषित पानी पीने ये बीमारियों से खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही उनकी समस्या दूर नहीं हुई तो वे आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। इस अवसर पर ग्राम सरपंच सुखदेव, जोगेंद्र कुंडू, सतबीर सुबेदार, धूप सिंह, महेंद्र , पूर्व इंस्पेक्टर कृष्ण शर्मा, सतपाल कौशिक, धर्मपाल, दीपचंद, बलजीत, जयनारायण, नरेश कुमार, बारू राम, रामजवारी सहित काफी संख्य में लोग मौजूद रहे।

सबमर्सिबल से सप्लाई किए जाने वाले पानी का टीडीएस लेवल 3500 के करीब है , पानी खारा और दूषित है। जिससे पानी पीना तो दूर उसका प्रयोग नहाने व कपड़े धोने के लिए भी खतरनाक होता है। जिससे ग्रामीण नाराज हैं, पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को डीसी से मिले, लेकिन सीवन के किसी कार्यक्रम में जाने के चलते उनके निजी सचिव को ज्ञापन दिया। सचिव ने कहा कि डीसी को ज्ञापन भेज देंगे। गांव में जमीनी पानी खारा होने के कारण जलापूर्ति विभाग की ओर से सप्लाई किए जाने वाले पानी से काम चलाना पड़ता है।

# एलिवेटिड बहाल करने की उठी मांग

## सनातन धर्म मंदिर में रेल यात्री कल्याण समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

रेल यात्री कल्याण समिति की एक बैठक सनातन धर्म मंदिर में बलवंत सिह जाटान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में यहर के गणमान्य व्यापारियों की ओर से एक प्रस्ताव आया कि रेलवे ओवर ब्रिज को रद्द करों और एलिवेटिड को बहाल किया जाएं। इस पर समिति ने विस्तार से चर्चा की पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी द्वारा ने अपने कार्यकाल में ऐलिवेटिड परियोजना को मंजूरी दी थी लेकिन यह योजना आज तक सीरे नही चढ पाई। समिति के चेयरमैन सतपाल गुप्ता व सचिव अमित गुप्ता ने कहा कि रेलवे ओवर ब्रिज बनने से शहर का सौदर्यकरण समाप्त हो जायेगा और आसपास की कालोनियों से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पडेगा। इसके साथ साथ व्यापारियों को व्यापार पर भी इसका नकरात्मक प्रभाव पडेगा। जिससे बाजार की गतिविधियां प्रभावित होगी। इसलिए शहर के जनहित को देखते हुए रेलवे ओवर ब्रिज की योजना को रद्द कर ऐलिवेटिड योजना को बहाल किया जाएं चाहिए।



कैथल। बैठक में विचार विमर्श करते रेल यात्री कल्याण समिति के सदस्य।

### बेटी सहित महिला लापता, मामला दर्ज

**कैथल।** राजौंद क्षेत्र के गांव से एक महिला अपनी डेढ़ साल की बच्ची के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। इस मामले में राजौंद थाना पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि राजौंद के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी 28 साल की पत्नी एक अस्पताल में काम करती थी। 12 मार्च उसकी पत्नी अंजली अपनी डेढ़ साल की बच्ची को साथ लेकर अस्पताल में वेतन लेने के लिए गई थी, लेकिन इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। पत्नी की अपने स्तर पर काफी तलाश की।

## राज्य सरकार लगातार कर्मचारी विरोधी निर्णय ले रही: गंगा राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के राज्य प्रधान गंगाराम मौण, महासचिव जरनैल सिंह, जिला सचिव कैथल राजकुमार चहल ने संयुक्त रूप से प्रेस नोट जारी करते बताया कि हरियाणा सरकार लगातार कर्मचारी विरोधी निर्णय ले रही है, दूसरी ओर विभागों व जनसेवाओं को समाप्त करने पर मुस्तैदी से लगी हुई है। निजीकरण, ठेका प्रथा के जरिए विभागों मे भ्रष्टाचार आलम पर हैं। बताया कि माननीय हरियाणा व पंजाब उच्च न्यायालय ने 23 दिसंबर 2025 और 31 दिसंबर 2025 को ऐतिहासिक फैसला सुनाते सरकार को निर्देश दिया कि 1993, 1996, 2003, 2011 की नियमितीकरण की नीतियों को लागू करते वंचित कर्मचारियों को नियमित करने का निर्देश देते टिप्पणी की तमाम कच्चे कर्मचारियों का शोषण नहीं होना चाहिए ,और 10 वर्षों से लगातार सेवाएँ दे चुके सभी कर्मचारियों को नियमित करने की नीति हरियाणा सरकार द्वारा बनाई जाए,माननीय न्यायालय ने पद स्वीकृत न होने की हरियाणा सरकार की दलील पर भी टिप्पणी करते कहा कि पद स्वीकृत करना हरियाणा सरकार का कार्य है।

# भाना स्कूल का किया निरीक्षण

## स्टाफ को टीम भावना से कार्य करने की प्रेरणा दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

उप जिला शिक्षा अधिकारी जय भगवान तथा खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन ने सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाना और राजकीय प्राथमिक पाठशाला भाना का दौरा कर विद्यालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय परिसर का दौरा करते हुए शौचालयों की स्वच्छता, पीने के पानी की व्यवस्था तथा विद्यार्थियों को दिए जा रहे मध्याह्न भोजन की जांच की। इसके साथ ही उन्होंने विज्ञान प्रयोगशालाओं, स्मार्ट बोर्ड तथा अन्य शैक्षिक संसाधनों का भी बारीकि से अवलोकन किया।



राजौंद। उप जिला शिक्षा अधिकारी जय भगवान व खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन भाना स्कूल का निरीक्षण करते। फोटो :हरिभूमि

विद्यालय प्रबंधन की ओर से अधिकारियों को बताया गया कि स्कूल में अटल टिंकरिंग लैब स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। इस पर अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते कहा कि इस तरह की आधुनिक सुविधाओं से विद्यार्थियों को विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नई संभावनाएं मिलेंगी। अधिकारियों ने स्टाफ को टीम भावना से कार्य करने की प्रेरणा देते हुए विद्यार्थियों को प्रयोगशालाओं का अधिक उपयोग करने और शिक्षा के साथ-साथ नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# धर्म के मार्ग पर चलने का दिया संदेश

## श्रीमद्भागवत कथा आत्मा को जागृत करने वाला दिव्य आध्यात्मिक उत्सव : अमरजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

कैथल में पुराने बस स्टैंड के पास आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में अमरजीत छाबड़ा ने धर्मपत्नी के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर संत-महात्माओं एवं कथावाचक का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के दौरान कथावाचक बहन आस्था भारती ने अमृतमय प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भगवान की महिमा का गुणगान सुनाते भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर हरियाणा राइस मिलर्स एंड डिलर्स एसो के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण की इस पावन कथा के समापन पर उनका हृदय अत्यंत भाव-विभोर है। पिछले कई दिनों से श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, संतों की शिक्षाओं और श्रीमद्भागवत के अमृतमय ज्ञान का रसपान किया है। यह केवल एक कथा नहीं, बल्कि आत्मा को जागृत करने वाला दिव्य आध्यात्मिक उत्सव है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार कलियुग में भगवान का नाम, सत्संग और कथा श्रवण ही मनुष्य को मोक्ष का मार्ग दिखाते हैं। श्रीमद्भागवत कथा हमें यह सिखाती है कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य केवल भौतिक सुख-सुविधाएं प्राप्त करना नहीं, बल्कि प्रभु की भक्ति, सेवा, प्रेम और करुणा के मार्ग पर चलना है।



कैथल। अमरजीत छाबड़ा धर्मपत्नी के साथ पूजा अर्चना करते हुए साथ में अन्य।

**हवन का आयोजन**

कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हमें संत-महात्माओं के श्रीमुख से यह पावन कथा सुनने का अवसर मिला। संतों का सान्निध्य और भगवान की कथा मनुष्य के जीवन को पवित्र और सार्थक बना देती है। जैसे गंगा का जल पापों को धो देता है, वैसे ही श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मन और आत्मा को शुद्ध कर देता है। कथा के समापन के बाद विधिवत हवन का आयोजन किया गया तथा श्रद्धालुओं को लंगर प्रसाद वितरित किया गया।

# विद्यार्थियों ने आकर्षक परिधानों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

## आदर्श सी. से. स्कूल जाखौली में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

जाखौली स्थित आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नन्हे विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी वेशभूषा और बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से उत्सव जैसा माहौल बन गया। कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने आकर्षक परिधानों में मंच पर आकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की मासूम अदाएं, आत्मविश्वास और शानदार प्रस्तुति ने उपस्थित अभिभावकों, अध्यापकों और विद्यार्थियों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में विशेष रूप से हरियाणवी और पंजाबी पारंपरिक वेशभूषा सभी के आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों ने लोक संस्कृति से जुड़े परिधानों में मंच पर आकर सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक प्रस्तुत की।छात्र-छात्राओं ने किसान, हरियाणवी व पंजाबी संस्कृति, सामाजिक संदेशों और पारंपरिक परिधानों से जुड़ी कई आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। छोटे बच्चों की वेशभूषा और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान तालियों की गूंज से विद्यालय परिसर गूंजता रहा। अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाते उन्हें मंच पर बेझिझक प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# ज्यादा समय से लंबित प्रोजेक्टस को जल्द पूरा करवाएं अधिकारी: उपायुक्त

## सीएम घोषणाओं की प्रगति को लेकर डीसी ने ली बैठक

- 405 घोषणाओं में से 261 पूरी, 97 पर कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को सभी विभाग गंभीरता से लें और जिन परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है, तय समयावधि में पूरा करवाया जाए। ज्यादा समय से लंबित घोषणाओं को पूरा करने में तकनीकी या विभागीय बाधाओं को दूर करवाते हुए, उन्हें जल्द से जल्द पूरा करवाएं, ताकि लोगों को इन प्रोजेक्टस का लाभ मिल सके। सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और विकास कार्यों में अनावश्यक देरी न होने दें। कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी अपराजिता सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहीं थीं। डीसी ने मुख्य रूप से सिटी स्क्वायर, क्योड़क में बन रहे पशु विवि के रीजनल केंद्र, धनौरी के महिला कॉलेज, संस्कृत विवि, कबड्डी अकादमी पाई सहित कई परियोजनाओं की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की।



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।



कैथल। अमर वीर बलिदानी मुनी राम के स्मारक का अनावरण करते पूर्व सैनिक।

# अमर वीर बलिदानी मुनी राम के स्मारक का किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

मां भारती का लाल जिसने भारत चीन युद्ध 1962 में शूरवीरता के साथ जाट रेजीमेंट में रहकर लद्दाख में लड़ा। तत्पश्चात भारतीय सेना की पैरा रेंजिमेंट में शामिल हुए अमर वीर शहीद पैरा ट्रूपर मुनीराम प्रथम पैरा का हिस्सा बनकर 1965 में राजौरी, पुंछ व उरी राजमार्ग पर नियंत्रण स्थापित किया। 26 -27 अगस्त 1965 को सांक सेर और लेह वाली गली पर कब्जा करने के बाद 28 अगस्त को हाजी पीर पर कब्जा किया और 6 सितंबर को पश्चिमी सीमा पर अपनी सेना के लिए अहम भूमिका निभाई और 8 सितंबर 1965 को हवा में उड़ान भरकर आकाश से जमीन पर बारूद की आग बरसा कर अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। अपनी रेजीमेंट के नाम हाजी पीर युद्ध सम्मान और कश्मीर थिएटर सम्मान दिलाने वाले वीर योद्धा का उनके पैतृक गांव ब्राह्मणी वाला के राजकीय मिडिल स्कूल के प्रांगण में स्मारक का अनावरण किया गया। अध्यक्षता मुख्य अध्यापक विनोद गर्ग ने की मुख्य अतिथि शहीद के पुत्र बलबीर सिंह, जिप अमरजीत व वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि फौजी कर्मवीर रहे इसके साथ पूर्व सैनिक वेलफेयर एसो कैथल के प्रधान जगजीत अन्य सदस्य उपस्थित रहे और प्रधान जगजीत ने बलिदानी के जीवन पर प्रकाश डालते उपस्थित जनसमूह को सर्वोच्च बलिदानी की वीर गाथा सुनाई।

## पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग

# जनता को सुरक्षित माहौल देना पुलिस का कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

जिला पुलिस लाइन कैथल में सोमवार को पुलिस अधीक्षक उपासना की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें डीएसपी बीर भान, डीएसपी ललित कुमार, डीएसपी गुरविंद्र सिंह, डीएसपी कुलदीप बेनीवाल, डीएसपी सुशील प्रकाश तथा सभी थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियों तथा अन्य क्राइम यूनिट इंचार्ज द्वारा भाग लिया गया। बैठक में गंभीर अपराधों की जांच, लंबित मामलों के निपटारे, गिरफ्तारी दर में वृद्धि, नशा व साइबर अपराधों पर नियंत्रण, महिला सुरक्षा तथा शिकायत निवारण प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। एसपी उपासना ने कहा कि पुलिस का पहला कर्तव्य अपना काम अच्छे से करते अपराधी को पकड़ कर जनता को सुरक्षित माहौल देना है। एसपी ने सभी को आदेश दिए कि थाना चौकी में आने वाले परिवादियों से मधुर व्यवहार करते हुए उनकी परिवाद पर जल्दी से जल्दी कार्रवाई करते हुए न्याय दिलवाने का काम करे।



कैथल। एसपी उपासना अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए

**लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के निर्देश**

एसपी ने कहा कि जिले में किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में सीलिंग प्लान के तहत शीघ्र नाका बिंदुओं पर पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए। साथ ही रात्रि के समय शहर व मुख्य सड़कों पर पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके। बैठक में सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद करने, अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने और उनकी नियमित मॉनिटरिंग करने पर भी जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस कर्मचारियों को नशा व आपराधिक गतिविधियों से दूर रहते जनता के साथ शालीन व्यवहार करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे तथा जनता के साथ बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करने के लिए गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

**ग्राम पंचायत पौंकरी खेड़ी-सिरसा खेड़ी**
**खण्ड व जिला जीन्द (हरियाणा)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव पौंकरी खेड़ी में दिनांक 25.03.2026 को सामान्य चौपाल में दोपहर 11:00 बजे सरेआम - काला वाला तालाब (4 Acre), ताजा वाला तालाब (1 Acre) व दखलु वाला तालाब (3 Acre) की बोली 5 वर्ष हेतु पट्टे पर मछली पालन के लिए ग्राम पंचायत द्वारा करवाई जाएगी जिसकी नियम व शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। जमानत राशि 25000/- रु. ली जाएगी।

ग्राम सचिव
स्वीटी
8708198842

सरपंच, राजकुमार
ग्राम पंचायत पौंकरी खेड़ी
9466612428

## खबर संक्षेप

### कैथल में पहुंची सामेनाथ ज्योतिलिंग यात्रा

**कैथल।** कैथल में आध्यात्मिक चेतना और सनातन आस्था का विराट संगम देखने को मिला जब आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा निकाली जा रही सोमनाथ ज्योतिलिंग यात्रा शहर में पंहुची। यात्रा के आगमन पर सड़कों में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। माईलस्टोन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोचारण सद्राभिषेक ज्ञान चर्चा ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रधानाचार्य अतुलशर्मा ने अपना पूर्ण सहयोग दिया। रवि शंकर के मार्गदर्शन में चल रही यह राष्ट्रव्यापी यात्रा देशभर में सनातन संस्कृति की अलख जगा रही है।

### पुंडरी में हुई ब्राह्मण समाज की बैठक

**पूंडरी।** पूंडरी स्थित ब्राह्मण सदन में हल्का समस्त ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें हल्के के विभिन्न गांवों से ब्राह्मण समाज के लोगों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से भगवान परशुराम जन्मोत्सव को इस वर्ष हल्का स्तर पर भव्य रूप से मनाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हल्का स्तर पर पूंडरी में मनाया जाएगा। इसके लिए जल्द ही एक बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक गांव के ब्राह्मण समाज के लोगों को सूचना देकर आमंत्रित किया जाएगा।

### किसान हितैषी नीतियों से विकास को गति : मैहला

**पूंडरी।** भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष डॉ. बलविंद्र मैहला संगरौली ने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी तथा किसान हितैषी नीतियों के कारण प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है, वहीं मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार की योजनाओं से किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए प्रयास किए जा रहे है।

### मां बगलामुखी धाम में 21 से 26 तक महायज्ञ

**पूंडरी।** पूंडरी में कैथल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में 21 मार्च से 26 मार्च तक 123 घंटे का अखंड महायज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठान किया जाएगा। मां बगलामुखी धाम के संस्थापक एवं अध्यक्ष आचार्य राजीव कौशिक ने बताया कि यह महायज्ञ मां बंगलामुखी की कृपा प्राप्त करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यज्ञ में देश के विभिन्न स्थानों से विद्वान आचार्य और ब्राह्मण भाग लेकर वेद मंत्रों के साथ अनुष्ठान संपन्न करवाएंगे।आचार्य राजीव कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 21 मार्च शनिवार को प्रातः 5:35 बजे ध्वजारोहण के साथ होगा।

### 10वीं की छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** राजौंद थाना क्षेत्र में 10वीं कक्षा की 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म का आरोप लगा है।शिकायत में पीड़िता के भाई ने बताया कि उसकी छोटी बहन 10वीं कक्षा में पढ़ती है। 11 मार्च को उसकी बहन घर पर अकेली थी। इस दौरान पड़ोस के ही रहने वाले आरोपी कुणाल उसकी बहन को जरूरी काम होने की बात कह कर अपने घर बुलाया। वहां पर आरोपी ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर बहन को जान से मारने की धमकी दी। जब लड़की घर पहुंची तो परिजनों ने उसके डरी होने का कारण पूछा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### भगवान कपिल के दर्शनों के लिए कलायत पहुंचे संत

**कलायत।** भगवान कपिल के दर्शन के लिए बृजभूमि के संतों का एक दल कलायत पहुंचा। संत समाज ने सबसे पहले पवित्र श्री कपिल तीर्थ में स्नान किया। बाद में भगवान कपिल मुनि की पूजा-अर्चना की। गोवर्धन से पधारे महंत चेतन गिरी, रुद्र गिरी, राजेंद्र गिरी व महंत लकी गिरी ने बताया की महर्षि कपिल का संदर्भ अनेक पुराणों व प्राचीन ग्रंथों में है। भागवत कथाओं में सांख्य योग पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है।

---

### नागरिक अस्पताल के गेट पर हर समय खड़े रहते हैं ऑटो चालक

# थ्रीव्हीलर व ई-रिक्शा चालकों की मनमानी ले सकती है किसी गंभीर मरीज की जान

- नागरिक अस्पताल के अंदर भी लगती हैं ऑटो की लाइनें
- हटाने पर लड़ाई झगड़े पर उतारू हो जाते हैं ऑटो व ई-रिक्शा चालक
- गोहाना रोड पर भी वाहन चालकों को होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

थ्रीव्हीलर चालकों, ई-रिक्शा चालकों की जरा सी लापरवाही कभी भी किसी गंभीर मरीज की जान ले सकती है। क्योंकि थ्रीव्हीलर चालक, ई-रिक्शा चालक पूरा दिन जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल के गेट पर सवारी बैठाने के चक्कर में जमावड़ा लगाए रहते हैं। ऐसे में गोहाना रोड तो बाधित होता ही है साथ ही अगर एंबुलेंस को गेट से ले जाना चाहे तो जल्द नहीं ले जाया सकता है। गंभीर मरीज के लिए एक-एक पल कीमती होता है और इन रिक्शा चालकों को हटने में ही पांच से दस मिनट का समय लग जाएगा। हालांकि नागरिक अस्पताल के गेट को बंद भी रखा जाता है। बावजूद इसके ऑटो चालक अपनी मनमानी से बाज नही आते और यहां पूरी तरह ऑटो चालकों का पूरी तरह से कब्जा हो गया है। यहां पर मरीजों के आने के लिए भी जगह नहीं बचती है। इसके अलावा अस्पताल के अंदर भी अब ऑटो स्टेंड बना लिया है। गेट पर खड़े ऑटो के कारण एंबुलेंस को भी कई देर में रास्ता मिल पाता है। ऑटो चालकों की मनमानी को रोकने वाला कोई नहीं है।



जींद। नागरिक अस्पताल के अंदर तथा बाहर गेट की तरफ खड़े किए गए वाहन।



#### गोहाना रोड पर प्रवेश के हैं दो रास्ते

नागरिक अस्पताल में एंट्री को लेकर दो गेट हैं। एक राजकीय महाविद्यालय के सामने है और दूसरा कुछ दूरी पर उससे आगे है। हालांकि नागरिक अस्पताल में पुरानी बिल्डिंग में जाने के लिए गोहाना रोड पर एक ही मुख्य गेट था। पहले वाले गेट से नई बिल्डिंग का रास्ता काफी लंबा पड़ता था। इस रास्ते को छोटा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने गोहाना रोड पर ही शव गृह के पास दूसरा गेट बना दिया ताकि मरीजों को परेशानी नहीं हो। परंतु अब इस गेट पर थ्रीव्हीलर चालकों का कब्जा हो गया है। सवारी के चक्कर में ऑटो चालक इस गेट पर पूरा दिन खड़े रहते हैं। जिससे मरीजों को निकलने में ही काफी परेशानी होती है। यदि एंबुलेंस आ जाए तो उसे भी इंतजार करना पड़ेगा और अंदर जाने में काफी समय लग जाएगा।

#### किसी की मौत हो तो रास्ता पूरी तरह ब्लॉक

किसी की मौत होती है या किसी के शव को पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम रूम में लाया जाता है तो ई बिल्डिंग में जाने का यह रास्ता पूरी तरह ब्लॉक हो जाता है। इस रास्ते पर शवगृह है, इसलिए पोस्टमार्टम करवाने वाले लोग भी यहीं खड़े होते हैं। ऑटो चालकों की मनमानी के कारण पोस्टमार्टम करवाने वाले लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

#### समझाने पर नहीं मानते ऑटो चालक

अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि ऑटो चालकों को कई बार रास्ते के आगे ऑटो न खड़ा करने के लिए कहा गया है। ऑटो चालक अपनी मनमानी करते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अपने स्तर पर कई बार गेट पर सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी लगाई है लेकिन ऑटो चालक लड़ाई-झगड़े पर उतर आते हैं। उनको कई बार चिकित्सकों की टीम ने समझाया भी है लेकिन वह नहीं मान रहे हैं। ऑटो चालकों की मनमानी रोकने के लिए पुलिस से अनुरोध किया गया है।

#### पुलिस व होमगार्ड से नहीं माने ऑटो चालक

स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऑटो चालकों को गेट के आगे खड़ा होने से रोकने के लिए कई बार अपने सिक्योरिटी गार्डों को यहां खड़ा किया गया लेकिन ऑटो चालक उनकी बात नहीं मानते। इसके बाद पुलिस व होमगार्ड जवानों की डयूटी लगाई गई लेकिन फिर भी बात नहीं बनी। स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा ऑटो चालकों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ऑटो चालक नहीं माने। ऐसे में अब नई बिल्डिंग की तरफ जाने वाले रास्ते पर लगे दोनों गेट बंद हैं और एक छोटा सा रास्ता आने-जाने के लिए ही छोडा गया है। बावजूद इसके फिर भी यहां ऑटो चालकों का जमावड़ा रहता है।

---



जींद। प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## रसोई गैस किल्लत पर कांग्रेस ने उचाना में किया विरोध प्रदर्शन

- महंगाई व जनसमस्याओं को लेकर भाजपा सरकार को घेरा
- रसोई गैस किल्लत, बीपीएल कार्ड, पेंशन कटौती व पहचान पत्र की गड़बडियों से जनता परेशान : रिषिपाल हैबतपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

उचाना कलां स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हलका स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने की। बैठक में संगठन को मजबूत करने तथा कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष रणनीति बनाई गई। जिसमें जिला उपाध्यक्ष वजीर पान्नू, जिला महासचिव जितेंद्र लाठर, सचिव सरदार निरवैल सिंह तथा सुखविंदर कौर को उचाना विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की किल्लत को लेकर सरकार के खिलाफ उपमंडल कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए रोष जताया। कांग्रेस जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार पूरी तरह से जनविरोधी नीतियों पर चल रही है। जिसके कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है और रसोई गैस की किल्लत ने आम परिवारों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर का खर्च चलाना मुश्किल होता जा रहा है। प्रदेश में गरीबों के बीपीएल राशन कार्ड काटे जा रहे हैं, पात्र लोगों की पेंशन बंद की जा रही है और परिवार पहचान पत्र तथा प्रॉपर्टी आईडी में भारी गड़बडियां हैं।

#### लोग परेशान

रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि प्रदेश की जनता आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में रहे कांग्रेस शासन को याद कर रही है। उस समय समाज का हर वर्ग खुशहाल था और हरियाणा विकास के कई क्षेत्रों में देश में अग्रणी स्थान पर था। किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों और व्यापारियों सहित हर वर्ग को राहत और सुविधाएं मिल रही थी। मौजूदा भाजपा सरकार की नीतियों ने प्रदेश के हर वर्ग को खून के आंसू रोने पर मजबूर कर दिया है।

---

## जेई के समर्थन में गरजे बिजली कर्मी

- राजीव गांधी विद्युत सदन के प्रागण हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

सोमवार को राजीव गांधी विद्युत सदन कैथल के प्रांगण में हरियाणा सरकार में बिजली मंत्री अनिल विज द्वारा कष्ट निवारण समिति की बैठक में राजबीर जे.ई. की जबरन एफआईआर करवाने के विरोध स्वरूप सब यूनिट स्तर पर पहले दिन की गेट मीटिंग का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कैथल सब अर्बन नम्बर 1 के प्रधान श्री ओमप्रकाश चंदाना ने की तथा मंच का संचालन सब अर्बन नम्बर 1 के सचिव श्री सोनू शर्मा द्वारा किया गया।



कैथल। नारेबाजी करते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### सरकार कर रही कर्मचारियों का शोषण

यूनिट प्रधान ओमप्रकाश चंदाना व यूनिट सचिव राजबीर जे.ई. व यूनिट के चेयरमैन दिलबाग सैनी ने बिजली मंत्री अनिल विज व हरियाणा सरकार के खिलाफ जोरदार रोष प्रदर्शन किया जिसमें हरियाणा सरकार को कड़े शब्दों में चेताया कि उनकी सरकार के बिजली मंत्री अनिल विज द्वारा बिना कर्मचारियों का पक्ष सुने व संविधान के विरुद्ध तानाशाही रवैया अपनाते हुए निरंतर कर्मचारियों को सस्पेंड व झूठी एफ.आई.आर करवाकर निरंतर कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है।

---

## पांच किमी में पुरुषोत्तम, 800 मीटर में अन्नू प्रथम

- राजीव गांधी कॉलेज में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना खेल मैदान में 16वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि बांगर शिक्षा समिति सचिव एवं समाज सेवी देवव्रत ढांडा पहुंचे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रणवीर कौशल ने की। पांच हजार, 400, 500, 200,100 मीटर रेस के अलावा, शॉट पुट, जैवेलियन थ्रो, लॉन्ग जंप, डिस्कस थ्रो आदि अनेक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। पुरूष वर्ग में 5 हजार मीटर रेस में पुरुषोत्तम प्रथम, दीपांशु द्वितीय,अमन तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर रेस में रोहित प्रथम, पुरुषोतम द्वितीय, अमन तृतीय स्थान पर रहा। 500 मीटर रेस में रोहित प्रथम, पुरुषोतम द्वितीय, अमन तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर रेस में पुरुषोत्तम प्रथम, अरुण द्वितीय , अंशुल तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर रेस में नवीन प्रथम, रोहित द्वितीय, अमन तृतीय स्थान पर रहे।1500 मीटर रेस में प्रथम पुरुषोत्तम, द्वितीय अरूण, अर्पित तीसरे स्थान पर रहे। लंबी कूद में प्रथम नवीन, द्वितीय रोहित, तृतीय स्थान पर आशीष रहे। डिस्कस थ्रो में रमन प्रथम, नवीन द्वितीय व रोहित तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग 100 मीटर रेस में नीतू प्रथम, अन्नू द्वितीय, खुशबू तृतीय स्थान पर रही।



उचाना। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए देवव्रत ढांडा। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

ढांडा ने कहा कि आज के दौर में खेलकूद के माध्यम से भी अपने भविष्य का निर्माण युवा कर सकते हैं। प्रतिस्पर्धा के युग में विद्यार्थियों को अपने शारीकि विकास के लिए अनुशासित, समर्पित होकर किसी भी खेल को अवश्य खेलना चाहिए क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग का वास होता है। डा. कौशल ने इस तरह की प्रतिस्पधाओं में भाग लेने से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है। इस अवसर पर सीनियर लेक्चरार डॉ. राजेश श्योकंद, प्रवीण कुमार, कुमार अनिल, राहुल देव, हरिओम, डॉ. उपेश मलिक, नरेंद्र कुमार, मोनिका, रितिका, दीपक, डॉ. मंजीत, भतेरी, डॉ. रविश, मोनिका देवी, रेणू, पूनम, दीपक, अंजली मौजूद रही।

---

## बिजली कर्मियों ने एसई कार्यालय पर दिया धरना

- कार्यकारी अभियंता की कार्यशैली को लेकर जताया रोष, जहां जाएंगे वहीं करेंगे घेराव, लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर यूनियन के आह्वान पर सोमवार को बिजली निगम कर्मियों ने कार्यकारी अभियंता विकास मलिक की कर्मचारी विरोधी कार्यशैली को लेकर धरना दिया।

धरने की अध्यक्षता यूनिट प्रधान हरिओम ने की व मंच का संचालन यूनिट सचिव धर्मवीर बैरागी ने किया। उन्होंने कहा कि कार्यकारी अभियंता विकास मलिक के द्वारा कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है।

कार्यकारी अभियंता द्वारा उपमंडल अधिकारी पर दबाव बना कर कर्मचारियों को अनुपस्थित दर्शावाया जाता है। जब कि श्रम इंचार्ज द्वारा उपस्थित का सर्टिफिकेट जारी किया जाता है। गलत तरीके से दबाव बना कर कर्मचारियों की सेलरी रोकी जाती है। उपमंडल अधिकारियों को दरकिनार करके बेवजह कर्मचारी को तंग किया जा रहा है।

कार्यकारी अभियंता कार्यालय में बैठ कर समाधान नही करते तो बुधवार से वर्क सस्पेंड करने पर फैसला लिया जाएगा। इस मौके पर अनिल पूनिया, राजबीर ढिल्लो, कर्मबीर, सीता राम, सुरेश, दर्वेश, विकास, सुनील मुंडे, जगदीश गोयत, सुरेंद्र कौशिक, सुरेंदर जागलन सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।



जींद। मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए बिजली निगम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### सब डिविजन घेराव की दी चेतावनी

पूर्व उपमहासचिव राजेश शर्मा, पूर्व उप राज्य प्रधान राजा शामदो, राजेश आसन ने कहा कि जब तक कार्यकारी अभियंता द्वारा कर्मचारी को उपस्थिति दर्शा कर सैलेरी जारी नहीं की जाती तब तक धरना चलता रहेगा व उपमंडल अधिकारी को दंडित नही किया जाता तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। यूनियन ने फैसला लिया कि कार्यकारी अभियंता जिस भी सब डिवीजन में जाएंगे, उसी सब डिवीजन में इनका घेराव किया जाएगा।

---

## भ्रष्टाचार के आरोप में तत्कालीन थाना प्रभारी जयवीर सहित दो बरी

- पार्यप्त साक्ष्य नहीं होने पर आरोपियों को दिया दोषमुक्त करार

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

कैथल के बहुचर्चित रिश्वत कांड मामले में जिला सत्र अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए चीका थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयवीर शर्मा और उनके एक सहयोगी को बरी कर दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नंदिता कौशिक की अदालत ने सुनवाई के दौरान विजिलेंस द्वारा पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत न किए जाने पर दोनों आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान विजिलेंस विभाग की जांच पर कई सवाल खड़े हुए। रिश्वत मांगने की कथित रिकॉर्डिंग जिस मोबाइल फोन में की गई थी, वह मोबाइल भी जांच एजेंसी बरामद नहीं कर सकी।

#### विजिलेंस के सबूत रहे अधूरे

विजिलेंस द्वारा पेश किए गए चालान में नया आरोप लगाया गया था कि इंस्पेक्टर जयवीर ने रिश्वत के तौर पर लिए गए 5 हजार रुपये अपने सहयोगी को दे दिए थे, जो पैसे लेकर वहां से भाग गया और बाद में भाखड़ा नहर के पास जाकर उन्हें जला दिया। हालांकि सुनवाई के दौरान विजिलेंस उस स्थान का नक्शा भी अदालत में पेश नहीं कर पाई और न ही कथित रूप से जलाए गए नोटों की राख या कोई अन्य सबूत बरामद कर सकी। इसके अलावा विजिलेंस ने अदालत में चीका थाना में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज पेश करने का दावा किया था, लेकिन वह फुटेज भी अदालत में नहीं चल पाई। वहीं शिकायतकर्ता चांद राम द्वारा लगाया गया आरोप था कि एसएचओ जयवीर ने उसके खिलाफ थाने में आई शिकायत के निपटारे के बदले रिश्वत मांगी थी, लेकिन जांच के दौरान विजिलेंस को वह शिकायत ही थाने के रिकॉर्ड में नहीं मिली।

---

### कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं के लिए शिक्षा निदेशालय ने जारी किया पत्र

# छात्राओं का पोषण होगा पूरा, 75 दिन मिलेगा फोर्टिफाइड फ्लेवर्ड दूध और प्रोटीन मिल्क बार

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

आगामी सत्र में राजकीय स्कूलों में पढने वाली 9वीं से 12वीं कक्षा की छात्राओं को भी 75 दिन फोर्टिफाइड फ्लेवर्ड दूध व प्रोटीन मिल्क बार दी जाएगी। इसके लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया है। निदेशालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार राजकीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं से 12वीं में पढने वाली छात्राओं को पूर्ण पोषण प्रदान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री दुग्ध उपहार योजना आरंभ की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत पात्र छात्राओं को 75 दिन दूध और मिल्क बार दी जाएगी। इसका वितरण अप्रैल माह से आरंभ किया जाएगा। इसलिए वर्तमान सत्र 2025-26 की इनरोलमेंट के आधार पर अप्रैल माह के लिए डिमांड बनाई गई है। पहले मिड डे मील के तहत यह सुविधा आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को मिलती थी। राजकीय स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को मिड डे मील दिया जाता है। दोपहर के समय विद्यार्थियों को चावल, दाल, रोटी, दूध, सहित अन्य चीजें मुहैया करवाई जाती है। अब 9वीं से 12वीं कक्षा की छात्राओं को भी योजना में शामिल किया गया है। योजना को लागू करने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालयवार और कक्षावार डिमांड की एक्सेल शीट स्कूलों को भेजी गई है।




जींद। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

#### छात्राओं को मिलेगा बेहतर स्वास्थ्य

जिला शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल ने बताया कि शिक्षा विभाग का मानना है कि विद्यार्थियों को बेहतर पढ़ाई दी जा सके और उनके शैक्षिणक स्तर में सुधार किया जा सके। मुख्यमंत्री दुग्ध योजना के तहत नए सत्र में 9वीं से 12वीं कक्षा की छात्राओं को फोर्टिफाइड फ्लेवर्ड दूध व प्रोटीन मिलक बार दी जाएगी। इससे छात्राओं के स्वास्थ्य में सुधार होगा और उन्हें बेहतर पोषण मिलेगा।

---



## वर्ष 2014 के बाद देश व प्रदेश में विकास, पारदर्शिता और सुशासन पूर्ण रूप से हुआ स्थापित : छाबड़ा

- पिंडारा, गतौली व जुलाना मंडल में कार्यशालाएं आयोजित

**जींद।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत जींद जिले के पिंडारा, गतौली और जुलाना मंडल में आयोजित कार्यशालाओं में मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा ने बतौर मुख्य वक्ता कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार द्वारा पिछले दस वर्षों में किए गए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं का तुलनात्मक अध्ययन कार्यकर्ताओं के समक्ष प्रस्तुत किया। अशोक छाबड़ा ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश और प्रदेश में विकास, पारदर्शिता और सुशासन की नई परंपरा स्थापित हुई है। केंद्र सरकार की अनेक योजनाओं ने गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। उन्होंने केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार द्वारा पिछले दस वर्षों में किए गए विकास कार्यों, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं का विवरण कार्यकर्ताओं के सामने रखा।